>

Title: Need to take measures to make Bandi River and Nahda dam in Pali district of Rajasthan pollution free.

श्री पी.पी. चौधरी (पाली) : मैं सरकार का ध्यान मेरे लोकसभा क्षेत्र पाली की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि मेरे क्षेत्र की बाड़ी नदी व नेहडा बांध लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। वर्तमान में स्थिति बद से बदतर हो रही है। पीने के लिए भू-जल का पानी खराब हो चुका हैं पानी के किनारे बसने वाले पशु-पक्षी भी नगण्य संख्या में दिखते हैं।

इस संबंध में राज्य सरकार, उच्च न्यायालय, राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल व केन्द्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल आदि के द्वारा उठाए गए कदम व दिये गए निर्देश नाकाफी रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य में भी निरंतर गिरावट देखी जा सकती है। पाली जिले के किसानों की जमीन बंजर होती जा रही है और उस जमीन पर कुछ उग भी जाता है तो उसकी गुणवत्ता बहुत ही निम्न किस्म की होती है, जिसे बाजार भाव में बेचा जाना संभव नहीं होता। राज्य पशुपालन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार यहां विचरण करने वाले पशुओं में बांझपण, प्रतिरोधक क्षमता व उत्पादन क्षमता में कमी आदि दर्ज की गयी है। हालांकि प्रदूषण नियंत्रण करने के अनेकों उपायों पर विचार किया जा चुका है, जो नाकाफी रहे हैं।

अतः मेरा अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा विशेषज्ञों की टीम राजस्थान के पाली जिले में भेजी जाए तथा पाली जिले की इस गंभीर समस्या को दूर करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा विस्तृत योजना तैयार की जाये।